# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 23.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा “पुलिस झंडा दिवस” के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस ध्वज फहराकर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने व ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा “पुलिस झंडा दिवस” के शुभ अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर पर पुलिस ध्वज फहराकर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को प्रतीकात्मक पुलिस फ्लैग चिन्ह लगाकर उन्हें संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा जारी किए गए संदेश को पढ़कर अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर महोदय द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारी/ कर्मचारीगण को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र ध्वज व पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन तथा प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# प्रेस नोट दिनांक 23.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

## ◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में उ0प्र0 पुलिस का गौरवशाली दिन उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने सर्किल/थानों पर झण्डा फहराया गया।

**डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थऩगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे समस्त क्षेत्राधिकारीगण/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आज दिनांक 23.11.2025 को कार्यालय क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थानों पर उत्तर प्रदेश पुलिस के गौरवशाली दिन झण्डा दिवस के अवसर पर समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण की उपस्थिति में उ0प्र0 पुलिस झण्डे को ससम्मान फहराया गया तथा श्रीमान् पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा दिये गये संदेश को समस्त अधि0/ कर्मचारीगण को पढ़कर सुनाया गया, बताया गया कि पुलिस ध्वज देश की सेवा एंव लोकसेवा में अपने कौशल, शौर्य एंव कर्तव्य परायणता का प्रतीक है। सन् 1952 मे प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरु ने प्रदेश के पुलिस प्रमुख को झण्डा देकर सम्मानित किये थे। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसे सबसे पहले ध्वज प्रदान किया गया था।**

## प्रेस नोट दिनांक 23.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय एसओजी व थाना चिल्हिया पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बोकनार में हुई महिला की जघन्य हत्या की घटना का 36 घण्टे के अन्दर अनावरण करते हुए अभियुक्त (मृतका के पति) को गिरफ्तार किया गया**

**◆02 अदद आला कत्ल (ईंट) व 01 अदद खूनालुद जिंन्स का पैंन्ट तथा 02 अदद मोबाइल आदि बरामद।**

दिनांक 21.11.2025 की रात्रि को थाना चिल्हिया क्षेत्र के ग्राम बोकनार में 32 वर्षीय महिला की निर्मम हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर उच्चाधिकारीगणों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस भेजा गया तथा थाना चिल्हिया पर कमरुद्दीन पुत्र स्व0 अमीन निवासी बोकनार थाना चिल्हिया द्वारा लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि उसकी पत्नी हाजरा उम्र करीब 32 वर्ष कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गयी है। इस तहरीरी सूचना के आधार पर थाना चिल्हिया पर मु0अ0सं0 110/2025 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात के पंजीकृत किया गया था। डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल प्रयवेक्षण में राजेश कुमार चिल्हिया मय टीम व जनपदीय एसओजी पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित संयुक्त टीम द्वारा उच्चकोटि की पतारसी, सुरागरसी करते हुये वैज्ञानिक/इलेक्ट्रॉनिक तरीको का प्रयोग करते हुये घटना कारित करने वाले अभियुक्त कमरुद्दीन पुत्र स्व0 अमीन निवासी बोकनार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर सनसनीखेज घटना का 36 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01.कमरुद्दीन पुत्र स्व0 अमीन निवासी बोकनार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

बरामदगी का विवरण-

01.दो अदद आला कत्ल (ईंट) व 01 अदद खूनालुद जिंन्स का पैंन्ट तथा 02 अदद मोबाइल।

पूछताछ का विवरण—

अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि दिनांक 21/11/2025 की रात लगभग 08 बजे मैं कस्बा चिल्हिया से गेहूं पिसा कर आटा लेकर साइकिल से अपने घर पर पहुंचा तथा साइकिल अंदर खड़ा कर पत्नी से सब्जी बनाने के बारे में पूछा तो उसने बताया कि सोयाबीन की सब्जी बनाऊंगी इसी बात पर हम दोनों के बीच विवाद हो गया तब मैं अपनी पत्नी हाजरा को धक्का दिया तो वह झोपड़ी में जमीन पर गिर गई। तभी मेरे द्वारा ईट उठाकर अपनी पत्नी हाजरा के सिर पर कई बार वार किया जिससे उसका सिर बुरी तरह से फट गया तथा खून बहने लगा जिससे वह बेहोश हो गई। तब मैंने दुपट्टे से उसका सर बांधा थोड़ी देर बाद हिलाडुला कर देखा तो मर चुकी थी तब मैं बचने के लिए अपनी पत्नी के शव को उठाकर चारपाई पर रख दिया। अपने बचने के लिए गांव के लोगों से यह कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी पत्नी की हत्या कर दी गई है। चूकिं मेरी पत्नी हाजरा से बच्चे न होने के कारण मै काफी परेशान रहता था। जिसको लेकर मेरे व पत्नी के बीच आये दिन विवाद होता रहता था।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01.नि0 राजेश कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
02.उ0नि0 जीवन त्रिपाठी प्रभारी एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।
03.उ0नि0 वीरेन्द्र सिंह यादव थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
04.मु0आ0 राजीव शुक्ला, मनोज राय, दिलीप कुमार, आशुतोषधर दूबे, जनार्दन प्रजापति, आरक्षी वीरेंद्र तिवारी, रोहित चौहान, सत्येन्द्र यादव एसओजी टीम जनपद सिद्धार्थनगर।
05.आऱक्षी पीयूस यादव, पंकज वर्मा, चन्द्रजीत यादव थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 23.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆महिला सशक्तिकरण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र स्थापना के उपरांत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन बहू बेटी सम्मेलन के तहत थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सभा आगया की महिलाओं व बालिकाओं को महिला के प्रति होने वाले अपराध, गुड टच तथा बैड टच के प्रति आत्मनिर्भर, हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी देकर जागरुक किया गया।**

**डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 23/11/2025 प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम सभा आगया में बहू बेटी सम्मेलन लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।**

**थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम का विवरण—**

**01.उ0नि0 राजकुमार यादव थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.मुख्य आऱक्षी अविनाश सिंह थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.आऱक्षी पवन मौर्या थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04.महिला आरक्षी उर्मिला देवी, मंजू सरोज थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 23/11/2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆ऑपरेशन कवच के तहत थाना शोहरतगढ़ पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय खुनुआँ सीमा पर बॉर्डर पर तस्करी के रोकथाम, संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की चेकिंग किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 23.11.2025 को नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के नेतृत्व में ऑपरेशन कवच के तहत थाना शोहरतगढ़ पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय खुनुआं बॉर्डर पर बॉर्डर पर तस्करी के रोकथाम, संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की चेकिंग किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 23.11.2025 थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम (बहु बेटी सम्मेलन) महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा नए कानून की जानकारी के क्रम में महिलाओं एवं बच्चियों को थाना -मोहाना पुलिस द्वारा दी गई जानकारी**

**डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण , एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत शौर्य क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 23/11/2025 को थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे उपनिरीक्षक शेषनाथ यादव, उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह म.का. सोनी यादव ,म0का0 पूजा यादव द्वारा प्राथमिक विद्यालय बेल्टीकर ग्राम बेल्टीकर सिद्धार्थ नगर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर में बलिकाओ को एकत्रित कर जागरूक किया गया व साइबर क्राइम से सम्बंधित जानकारी दी गयी। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी।**

प्रेस नोट दिनांक 23.11.2025 थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थ नगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (बहू बेटी) सम्मेलन तथा जनचौपाल/यातायात जागरूकता सम्मेलन) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र स्थापना के उपरांत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन में बहू बेटी सम्मेलन ग्राम रेहरा (पल्टा देवी चौकी) में बच्चों को गुड टच तथा बैड टच तथा जनचौपाल/यातायात जागरूकता सम्मेलन लगाकर के उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराया गया तथा आत्मनिर्भर के बारे में जानकारी दी तथा बहू बेटी कार्यक्रम चलाकर महिलाओ को सुरक्षा के बारे मे व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी दी गयी।

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 23/11/2025 प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना क्षेत्र चिल्हिया में महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन/जनचौपाल/यातायात जागरूकता लगाकर व महिलाओं व बच्चियों को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

थाना चिल्हिया मिशन शक्ति टीम का विवरण---

01.उ0 नि0 लालचंद यादव थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
02.मुख्य आरक्षी ओमपाल गौतम थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
03.आरक्षी पवन सिंह थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
04.महिला आरक्षी सुधा कुमारी, कंचन यादव थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक- 23.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना कठेला समय माता में मिशन शक्ति फेज 5.0/"नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0" के तहत ग्राम नदवलीया में महिलाओ/पुरूषो व वयस्क बालक/बालकिओं को जन चौपाल लगाकर जागरूक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व अभय सिंह थानाध्यक्ष कठेला समयमाता के नेतृत्व में आज दिनांक 23.11.2025 को थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति केन्द्र टीम उ0नि0 नागेन्द्र प्रसाद, उपनिरीक्षक शिवशंकर शर्मा, कांस्टेबल सुरेश सिंह द्वारा "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0" मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत उद्घोष नारी सुरक्षा, नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन के तहत ग्राम नदवलीया मे चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया जिनके द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो, बाजारो, कोचिंग संस्थान आदि को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन, यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए), 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन से सम्बन्धित सेवाओं व बृहद स्तर पर चलाये जा रहा "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0" सम्बन्धी अभियान के तहत शून्य एफआईआर' (Zero FIR) की अवधारणा, E-FIR, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान, नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एंव हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।**

**प्रेस नोट दिनांक 23.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम/कस्बा पंचायत भवन गौरडीह की बालिकाओं/महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध, विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर, साइबर क्राइम, नये कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 23/11/2025 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में सुवेन्दु सिंह, क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 बबूना यादव, म0का0 अनुराधा गुप्ता मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम/कस्बा पंचायत भवन गौरडीह में बलिकाओ/महिलाओं को एकत्रित कर जागरूक किया गया व साइबर क्राइम से सम्बंधित जानकारी दी गयी। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी।**

**प्रेस नोट दिनांक 23.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆महिला थाना सिद्धार्थनगर द्वारा मिशन शक्ति केंद्र के तहत 04 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया।**

**डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, विश्वजीत सोरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 23.11.2025 महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा 04 परिवारो को एक साथ विदा किया गया। निम्न 04 परिवारो को बिखरने से बचाने मे प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय, काउंसलिंग टीम में उपनिरीक्षक राम नारायण शुक्ला, महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़, महिला हेड कांस्टेबल रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह व नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।**

**परिवारों का विवरण-**

**1.बीना पांडे पत्नी सौरभ पांडे साकिन वार्ड नंबर 9 सिंहेश्वरीपुरम थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**

**2.रुखसाना पत्नी अब्दुल करीम साकिन मशीना, थाना शोहरतगढ़ ,जनपद सिध्दार्थ नगर।**

**3.सोनी पत्नी अशरफ साकिन वार्ड नंबर 9 नगर सुभाष नगर, थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**4.गुड़िया पत्नी मोहम्मद हुसैन साकिन असगवा, थाना गोल्हौरा ,जनपद सिद्धार्थनगर।**

प्रेस नोट दिनांक 23.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान, नये कानून एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गहिरौला की महिलाओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 23/11/2025 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में बृजेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज तथा थानाध्यक्ष भवानीगंज के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत ग्राम गहिरौला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत साइबर जागरूकता व नये कानून के बारे में बताया गया एवं सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया गया तथा बालिकाओं, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध व बच बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे यातायात माह से सम्बंधित कानून एवं नए कानून कीं जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर 112, 1090, 1076, 108, 1930, 1098, 102, 181, 101 के बारे में जानकारी दी गयी।

थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम का विवरण-
1.उ0नि0 गेनालाल थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
2.उ0नि0 शिवप्रकाश शुक्ला थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
3.हे0का0 सुरेंद्र यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
4.का0 अंबुजेश निषाद थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
5.का0 राघवेंद्र त्रिपाठी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
6.म0आ0 उर्मिला थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनाँक 23.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा सामुहिक दुष्कर्म के 02 वांछित अभियुक्तगण व 04 बाल अपचारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन में बृजेश सिंह थानाध्यक्ष मिश्रौलिया मयफोर्स के नेतृत्व में आज दिनांक 23.11.2025 को मु0अ0सं0 162/25 धारा 70(1), 351(3) BNS व 3(2) V एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित 02 अभियुक्तगण व 04 बाल अपचारी को ग्राम भैंसहवा टोला गुलरिहा तिराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-**
**01.जग्गी पुत्र उदयराज**
**02.सिकन्दर पुत्र मनगाठू**
**03.04 बाल अपचारी निवासीगण सोनौली नानकार टोला सिकरीडीह थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**
**01.बृजेश सिंह थानाध्यक्ष मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.उ0नि0 श्याम कन्हैया दूबे, छविनाथ राम, गोरखनाथ थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.मु0आ0 तेजप्रकाश मौर्या, राकेश कुमार थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04.आ0 चन्द्रेश कुमार, अनिल चौहान, कुलभास्कर वर्मा, सुकेश साह थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट "यातायात माह"23वे दिवस दिनांक 23.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**यातायात पुलिस द्वारा यातायात माह के दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप/स्टीकर लगाया गया एवं अवैध अतिक्रमण हटवाने के साथ दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाने वालो के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर की गयी प्रवर्तन की कार्यवाही।**

आज दिनांक 23.11.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात विश्वजीत शौर्ययान के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात में टीम द्वारा यातायात माह के तहत हाईडिल तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, स्वामी विवेकानंद चौक से सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, कस्बा बाँसी, बाँसी रोडवेज आदि स्थानों पर पीए सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पम्पलेट्स वितरण किया गया एवं कुहरो मे दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों पर रिफ़लेक्टर टेप लगाया गया साथ ही विशेष अभियान के तहत दुर्घटना से बचाव हेतु सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा पर अवैध अतिक्रमण हटवाने के साथ-साथ पम्पलेट्स वितरित किया गया एवं सघन चेकिंग अभियान चलाकर दो पहिया पर तीन सवारी/ बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े-खड़े वाहनों जिसे दुर्घटना के प्रबल संभावना थी उनका M. V. Act, के तहत चालान करते हुए कुल 224करते हुये 2,37,500 रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

**प्रेस नोट दिनांक 23-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सुरक्षा एवं एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आज दिनांक 23.11.2025 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त एवं गहन चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।**

# प्रेस नोट

## दिनांकः-23.11.2025

## दिनांकः-23.11.2025 समयः- रात्रि 23.00 बजे से लेकर 26.11.2025 को रात्रि 20.00 बजे तक रुट डायवर्जन जनपद सिद्धार्थनगर।

**मा०प्रधानमंत्री जी भारत सरकार द्वारा श्रीराम मन्दिर जनपद अयोध्या में ध्वाजारोहण समारोह के अवसर पर जनपद सिद्धार्थनगर से जनपद अयोध्या की तरफ जाने वाले भारी वाहनों (मालवाहक वाहन, ट्रक, ट्रैक्टर, डी0सी0एम0 आदि) के सम्बन्ध में दिनांकः-23.11.2025 समयः- रात्रि 23.00 बजे से लेकर दिनांकः-26.11.2025 को रात्रि 20.00 बजे तक निम्नानुसार रुट डायवर्जन किया गया है।**

**1-गोरखपुर से लखनऊ जाने वाले वाहनों के मार्ग-**

गोरखपुर से लखनऊ जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद से नन्दौर थाना बखिरा, जनपद संतकबीरनगर से थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर से माधव तिराहा, थाना क्षेत्र बासी से बासी पुलिस बूथ से बाएं मुड़कर थाना क्षेत्र पथरा बाजार होते हुए बैदौला चैराहा होते हुए बेवा थाना डुमरियागज होते हुये थाना उतरौला जनपद बलरामपुर मार्ग से जायेंगे।

**2-बस्ती से लखनऊ जाने वाले वाहनों के मार्ग-**

बस्ती से लखनऊ जाने वाले वाहनों को बड़ेवन ओवरव्रिज जनपद बस्ती के उपर से डायवर्ट कर ओबरब्रिज के नीचे से मनौरी से थाना क्षेत्र सोनहा जनपद बस्ती से होते हुए बेवा थानाक्षेत्र डुमरियागंज से भडरिया थानाक्षेत्र भवानीगंज होते हुये थाना क्षेत्र उतरौला जनपद बलरामपुर मार्ग से जायेंगे।

**3-लखनऊ से गोरखपुर जाने वाले वाहनों के मार्ग-**

लखनऊ से गोरखपुर को जाने वाले वाहनों को बाराबंकी से ही रोककर थाना जरवल रोड जनपद बहराईच के सामने से होते हुए थानाक्षेत्र कर्नलगंज जनपद गोण्डा होते हुए थानाक्षेत्र उत्तरौला से भड़रिया थानाक्षेत्र भवानीगंज से वेवा थानाक्षेत्र डुमरियागंज होते हुए थानाक्षेत्र पथरा बाजार होते हुए बांसी पुलिस बूथ थानाक्षेत्र बांसी से होकर माधव तिराहा थानाक्षेत्र बासी से थानाक्षेत्र खेसरहा की तरफ मुड़कर थाना क्षेत्र बखिरा जनपद संतकबीरनगर होते हुए अपने गन्तव्य पर जायेंगे।

**4-जनपद महराजगंज, थाना उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, मोहाना की तरफ से आने वाले वाहन, जिनको अयोध्या / लखनऊ जाना है, के मार्ग-**

जनपद महराजगंज, थाना उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, मोहाना की तरफ से जनपद अयोध्या जाने वाले वाहन को पुलिस बूथ बासी थानाक्षेत्र बासी से दाए मुड़कर थाना क्षेत्र पथरा बाजार होते हुए बैदौला चैराहा होते हुए बेवा थाना डुमरियागंज होते हुये थाना उतरौला जनपद बलरामपुर मार्ग से जायेंगे।

**5-बढ़नी, शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर से अयोध्या, लखनऊ को जाने वाले वाहनों के मार्ग-**

बढनी, शोहरतगढ़ से जाने वाले ऐसे वाहन, जिनको अयोध्या, लखनऊ की तरफ जाना है, वे वाहन थाना ढेबरुआ होते हुए थानाक्षेत्र इटवा होते हुए बेवा थानाक्षेत्र डुमरियागंज से थानाक्षेत्र उतरौला जनपद बलरामपुर होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे।

6.**नोटः- उक्त डायवर्जन आक्समिक सेवा वाहन / स्कूली वाहनों पर प्रभावी नही होगी।**